हरिभूमि

सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

HARPAL TOWER
3bhk Luxury Lifestyle Apartments

BILASPUR'S MOST AWAITED REAL ESTATE PROJECT
FEATURING THE BIGGEST OFFER EVER!

A PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION



AUSPICIOUS BEGINNINGS
EXTRAORDINARY LIVING

Celebrate This Festival with a more rewarding way to own your dream home.

PREMIUM 3 BHK LIFESTYLE APARTMENTS

FREE FALL CEILING
FREE MODULAR KITCHEN
₹ 1 LAKH CASH DISCOUNT

LIMITED APARTMENT



PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION
#NayeBilaspurKiPehchaan

LIMITED TIME OFFER
BOOK NOW

360°

SCAN TO EXPLORE THE APARTMENT IN 360°

OUTDOOR AMENITIES
ENTRANCE GATE
COVERED CAR PARKING
SEPARATE TRANSFORMER
24 - HOURS WATER SUPPLY
EV CHARGING PROVISION
RAIN WATER HARVESTING
SOLAR STREET LIGHT

INDOOR AMENITIES
PODIUM GARDEN
GAZEBO
MULTIPURPOSE SPORTS TURF
JOGGING TRACK
CHILDREN PLAY AREA

More Amenities to experience

Follow us on Instagram

Tnc Rera Approved
PCGRERA050326002049
https://reracgstate.gov.in

TERMS AND CONDITIONS APPLIED

ASHOK NAGAR, BIRKONA ROAD,
BILASPUR, CHHATTISGARH

9424 171 234
7354 498 765

खबर संक्षेप

सूरजपुर में भव्य दशहरा महोत्सव, रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

सूरजपुर। नगर में सूरजपुर सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य



की विजय के प्रतीक स्वरूप रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के विशाल पुतलों का दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि सिंह, कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, वनमंडलाधिकारी विपुल अग्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बृजेन्द्र पाटले मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल एवं सचिव रामकृष्ण ओझा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश गर्ग ने किया। आभार प्रदर्शन नपा उपाध्यक्ष शैलेश गोयल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि दशहरा केवल रावण के पुतले के दहन का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ और बुराइयों को समाप्त करने का भी संदेश देता है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने दशहरा पर्व को भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक बताते हुए आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता और जिम्मेदार नागरिकता के महत्व पर बल दिया। नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े ने पर्व के अवसर पर शांति, सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए नागरिकों से आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। अतिथियों की उपस्थिति में राम रावण युद्ध के मंचन के बाद विशाल रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलो का दहन किया गया।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद गौतम राजवाड़े को दी गई श्रद्धांजलि



अम्बिकापुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी में 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वीर शहीद गौतम राजवाड़े की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पुलिस विभाग, विद्यालय परिवार, शहीद के परिजनों एवं ग्रामीणों ने शहीद को नमन कर उनके बलिदान को याद किया। शहीद गौतम राजवाड़े का जन्म 4 फरवरी 1991 को हुआ था। वे सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम तराजू के निवासी थे। विद्यालय से शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे छत्तीसगढ़ पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) में बस्तर संभाग के जगदलपुर में पदस्थ थे। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेवा देते हुए 19 फरवरी 2015 को नक्सली मुठभेड़ में उन्होंने देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी पैकरा, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष जगरोपन यादव, वर्तमान एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती आरती साहू, थाना लखनपुर के सउनि मनीष तिवारी, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक हुसेन्द्र राजवाड़े, प्रधान पाठक उमाकांत पाठक, अमरेश राजवाड़े, गजेन्द्र सिंह, बलिंदर सिंह, उदय कुमार दुबे, मनोज दास महंत, राकेश पाण्डेय, जीएस राजवाड़े, राम कुमार राजवाड़े, श्रीमती अर्चना केरकेट्टा, जगन राम राजवाड़े, माखन राजवाड़े, बाबूनाथ राजवाड़े सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने शहीद के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया और दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता उदय कुमार दुबे ने किया। संस्था के प्राचार्य बीएन प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से शहीद गौतम राजवाड़े के अदम्य साहस, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन-यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



विसर्जन में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक शहर के विभिन्न पंडालो में विराजित माता रानी का पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन का दौरान दशहरा के दूसरे दिन से शुरू हो गया। इस क्रम में शहर के मणिपुर-दर्रीपारा अनोखी सोच संस्था द्वारा माता रानी के विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकली और ढोल नगाड़ो व डीजे के भक्ति गीतों में झूमते नाचते माताराणी को विदाई दी।

खास बात

- साड़बार बेरियर समीप तालाब में किया गया विसर्जन

शारदीय नवरात्र पर शहर के जय स्तंभ चौक, सदर रोड, मायापुर, दर्रीपारा, ब्रम्हपारा, रानी दादी सती मंदिर परिसर नेहरू वार्ड सहित अन्य पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक माताराणी के अलग-अलग रूपों का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। नौ दिनों तक पंडालों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात विजय दशमी के दूसरे दिन माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर शुरू हुआ। शहर के सबसे पुराने दुर्गाबाड़ी में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया वहीं विजयदशमी के दूसरे दिन शहर के अधिकांश पंडालों में बिराजित माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाल कर की गई। बुधवार को शहर के दर्रीपारा हनुमान मंदिर के पास अनोखी सोच संस्था द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। माताराणी के विसर्जन के लिए निकाली गई शोभा यात्रा अद्भुत, अलौकिक सौंदर्य से सजी हुई भव्य मूर्तियां देखने को मिली। विशाल प्रतिमा के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने विसर्जन यात्रा शामिल हुए। मोहल्लेवासियों ने आकर्षक परिधान पहनकर, माता की चुनरी ओढ़कर भक्ति गीत-संगीत पर जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत किया।

महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ माताराणी के गीत पर भाव-आधारित नृत्य करके यात्रा की शोभा बढ़ाई। विसर्जन यात्रा बाबा-विश्वनाथ एवं हनुमान मंदिर से शुरू होकर बिलासपुर रोड सांड़बार बेरियर के समीप स्थित तालाब में विसर्जन किया गया।

शारदीय नवरात्र के तिथियों में मतभेद होने पर दो दिन किया गया मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

बलरामपुर। जिले में इस बार शारदीय नवरात्र के तिथियों में मतभेद होने के कारण दशहरा दो दिन मनाया गया। दो दिन दशहरा होने के कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अलग-अलग दिन माता रानी के प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मां दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जन की कड़ी में बुधवार को जिला मुख्यालय के लगभग आधा दर्जन से अधिक पंडालों के दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दोपहर से प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। मां दुर्गा के प्रतिमाओं के विसर्जन में सुगा सैला नृत्य भालू नृत्य के अलावा डीजे पर युवाओं का डांस आकर्षण का केंद्र रहा है। शहर में माता रानी के विदाई गीत से गूंज उठा। माता रानी की प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा हिंदू चौक, अटल चौक, लरगसाय चौक, अस्पताल चौक, श्री राम चौक, कलेक्टर चौक सहित विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए नदी तट तक पहुंची और देर रात तक विभिन्न समितियों द्वारा पूजा अर्चना के बाद मूर्तियों का विसर्जन किया। प्रतिमा बलरामपुर पुलिस लाइन से महिलाओं द्वारा जवारे विसर्जन करने का दौर इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। पुलिस लाइन की महिलाएं सिर पर जवारे लेकर के नदी तट तक पहुंची और देर शाम को विसर्जन किया। मुख्यालय के अलावा ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन हुआ। पुलिस लाइन से जवारे विसर्जन के कार्यक्रम में निरीक्षक प्रभारी कमलेश देवांगन की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम को संपन्न कराने में उन्होंने अपनी टीम के साथ पूरी जिम्मेदारियों से जुटे रहे।



रामानुजनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मां दुर्गा नवमी पर्व, कहीं नहीं हुई अप्रिय घटना

रामानुजनगर। ब्लॉक मुख्यालय रामानुजनगर के साथ-साथ गणेशपुर, उमापुर, परशुरामपुर, देवनगर, भुनेश्वरपुर, सुरता, छिंदिया, पतरापाली, पटना, आमगांव, महगांई, द्वारिकापुर, मांजा सहित दर्जनों गांवों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि के दौरान विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही कर्मा उत्सव, बच्चों का रिकॉर्डिंग डांस, कबड्डी टूर्नामेंट, कवि सम्मेलन, जागरण-जगराता और छत्तीसगढ़ी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसने ग्रामीणों का मन मोह लिया। इस बार दशहरा पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था काफी सराहनीय रही। पुलिस द्वारा दिन-रात सघन गश्त और मजबूत पुलिसिंग के कारण कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। शांतिपूर्ण आयोजन संपन्न होने पर दुर्गा पूजा समितियों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की सक्रिय ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की।



भक्तिमय माहौल में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन, जयकारों से गूंजा नगर

प्रतापपुर। नगर के बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पूजन समिति द्वारा नवरात्रि से लेकर दशहरा तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान एवं पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना की गई। 11 दिनों तक चले धार्मिक आयोजन में नगरवासी माता रानी की भक्ति में लीन रहे। मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड प्रतापपुर का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना रहा।

- बाजे-गाजे के साथ निकली भव्य विसर्जन यात्रा, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

नवरात्रि से दशहरा तक माता रानी का प्रतिदिन विधि-विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार एवं नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूरे 11 दिनों तक पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन के समापन पर माता रानी की भव्य विसर्जन यात्रा बाजे-गाजे और भक्तिमय जयकारों के साथ निकाली गई। विसर्जन यात्रा बस स्टैंड चौक से प्रारंभ होकर राजघराना चौक एवं कदमपारा चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। विसर्जन यात्रा में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं समिति के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। इसके पश्चात स्थानीय पक्की तालाब में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल,नवीन सोनू जायसवाल, सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, एवं सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

सिलफिली व कमलपुर में बंगाली परम्परानुसार सिंदूर खेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम सिलफिली व कमलपुर में करीब पांच दशकों से चली आ रही बंगाली परंपरा के तहत सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर और मिठाई अर्पित कर विदाई दी। सुहाग की सलामती और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर परंपरा निभाई।

मां दुर्गा की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और अगले वर्ष फिर आगमन की प्रार्थना के साथ माता रानी को विदा किया गया।सिलफिली और कमलपुर में प्रतिवर्ष बंगाली रीति-रिवाज से मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। ढाक की गूंज और शंखध्वनि के बीच पूरा क्षेत्र नौ दिनों तक भक्तिमय रहता है। दशहरा दो दिन मनाए जाने के कारण यहां एक दिन बाद सिंदूर खेला आयोजित किया गया। बंगाली संस्कृति में सिंदूर खेला



का विशेष महत्व है।

इस रस्म में सुहागन महिलाएं मां दुर्गा के माथे पर सिंदूर लगाकर मिठाई अर्पित करती हैं, फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और दांपत्य जीवन की खुशहाली की कामना करती हैं। आयोजन में विभिन्न समाजों की महिलाओं की सहभागिता ने सांस्कृतिक परंपरा के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में डॉली सरकार, नूतन विश्वास, मालती विश्वास, प्रिया राय, प्रभा गुप्ता, बसंती विश्वास, नीलुपामा विश्वास, ज्योति सरकार, मीना बिस्वास, प्रियांगी हलदार, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

स्कूल से चोरों ने पार किया 64 हजार का सामान व दस्तावेज

अम्बिकापुर। स्कूल की छुट्टी का फायदा उठाकर चोरों ने विशुनपुर स्थित स्कूल से 64 हजार कीमत का सामान व महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विशुनपुर स्थित लक्ष्य जूनियर स्कूल के प्रधानपाठक दीपक कुमार सिंह ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 अक्टूबर को स्कूल बंद होने के बाद घर चले गए। इस बीच 17 से 21 अक्टूबर को दशहरा त्योहार का अवकाश होने पर स्कूल बंद था। 19 अक्टूबर को पता चला कि स्कूल में चोरी हो गई है। सूचना पर जब स्कूल जाकर देखा तो स्कूल के लगभग 64 हजार का सामान सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब थे। प्रधान पाठक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

Name Change

I, Arun Kumar Toppo, son of Late Ramjiwan Toppo, aged about 41 years, resident of Nagar Panchayat Sitapur, Thana-Tehsil Sitapur, Distt Surguja C.G. 497111

do hereby solemnly affirm and declare That I am the father and lawful guardian of SHAINA TOPPO, a student who studied at Ken Memorial School, Sitapur, District Surguja, Chhattisgarh.my correct and full name is ARUN KUMAR TOPPO. due to a clerical/ typographical mistake, my name has been incorrectly recorded as ARUN TOPPO in my daughter's school marksheets and other academic records. the names ARUN TOPPO and ARUN KUMAR TOPPO refer to one and the same person, namely myself. I request the concerned school authorities, including Ken Memorial School, Sitapur, Surguja, Chhattisgarh, and Sainik School Nalanda, Bihar, to correct my name from ARUN TOPPO to ARUN KUMAR TOPPO in all applicable school records, marksheets, transfer certificate, school leaving certificate, admission records, and other related documents, wherever applicable.

That this affidavit is made for the purpose of correcting the above-mentioned discrepancy and for the smooth transfer/ admission of my daughter, SHAINA TOPPO to Sainik School Nalanda, Bihar, That the statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief, and nothing material has been concealed.

Deponent
Arun Kumar Toppo
s/o Late Ramjiwan Toppo
resident of Nagar Panchayat Sitapur, Thana-Tehsil Sitapur, Distt Surguja C.G. 497111

Name Change

Rajkumari Devi Gupta, W/o Lakhan prasad Gupta, resident of village-pindra, Post- Balrampur, Police Station-Balrampur, District-Balrampur, Chhattisgarh, PIN-497119,

hereby declare That I have changed my name from Rajkumari Devi Gupta to Rajkumari Gupta and Shall Hereafter be known as Rajkumari Gupta for all Purposes. That it is my true and correct statement

Deponent
Rajkumari Devi Gupta
W/o Lakhan prasad Gupta
resident of village-pindra, Post-Balrampur, Police Station-Balrampur, District-Balrampur, Chhattisgarh, PIN-497119

रामानुजगंज में 81 फीट के रावण का दहन, 20 हजार से अधिक लोग बने साक्षी





रामानुजगंज। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी के पावन अवसर पर हाई स्कूल मैदान में एसडीएम आनंद राम नेताम के मुख्य आतिथ्य में अधिवक्ता राम कृष्ण पटेल की अध्यक्षता में तथा पूर्व संघ चालक सुभाष जायसवाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष केसरी, एस पी निगम, अरुण केसरी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में समाजसेवी संस्था सागर मोती फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। दर्शकों की भारी भीड़ के सामने हाई स्कूल का विशाल मैदान भी छोटा पड़ गया। राम दरबार की मनमोहक झांकी, रावण वध का नाट्य मंचन और रंग-बिरंगी आतिशबाजी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। इस वर्ष कार्यक्रम में पहली बार 81 फीट ऊंचे रावण का निर्माण कराया गया, जो नगर वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भव्य आतिशबाजी के बीच जैसे ही रावण का दहन हुआ, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा और उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। राम दरबार की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं, सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत भगवान श्री राम रावण वध के नाट्य मंचन ने लोगों को रामायण के उस प्रसंग की याद दिलाई, जो सत्य, धर्म और न्याय की विजय का संदेश देता है। रामानुजगंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। 20 हजार से अधिक लोगों की मौजूदगी ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में सागर मोती फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती शीला मुकेश जायसवाल, रूपवंती जायसवाल, सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, विजय रावत, अनूप कश्यप, जयप्रकाश केसरी, हरिवंश मेहता, लालमन सोनी, अशोक जायसवाल, प्रमोद कश्यप, राजेश सोनी, रमेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सूर्य प्रताप कुशवाहा, गोपाल प्रसाद गुप्ता, अशोक केसरी, अजय केसरी, अजय गुप्ता, उमा शंकर व्यास, डॉ. कल्याण मंडल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

TOP IN SURGUJA













तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 निदेशक दल द्वारा परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र का किया भ्रमण



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
21

खबर संक्षेप

एयर गन दिखा कर लोगों को डरा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

अम्बिकापुर। एयर गन दिखा कर लोगों को डरा धमका रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार घुटरा पारा दाउगुडी निवासी कमल साय उर्फ गवटिया आ. जवाहिर साय (45 वर्ष) दशहरा के दिन एयर गन लेकर मोहल्ले में आने जाने वाले लोगों को एयर गन दिखा गर डरा धमका रहा था। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर दबिश देकर युवक को पकड़ एयर गन जब्त कर लिया। पुलिस ने एयर गन से लोगों को डराने धमकाने पर उसके विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में पति पर अपराध दर्ज

बिश्रामपुर। जयनगर पुलिस ने संजयनगर निवासी महिला निकिता बाइन 24 की संदिग्ध परिस्थितियों में गत 17 सितंबर को हुई मौत मामले में मर्ग जांच उपरांत आरोपी पति आकाश बाइन के खिलाफ बीएनएस की धारा 80 के तहत दहेज प्रताड़ना कर आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि मृतिका को घर पर लटके पाए जाने पर परिजन हड़बड़ी में फंदे से उतारकर अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले में अंबिकापुर मणिपुर पुलिस सहायता केंद्र में मर्ग कायम कर केस डायरी जयनगर पुलिस को भेजी गई थी। मर्ग जांच में पुलिस ने पाया कि उसके पति द्वारा मृतिका को दहेज में तीन लाख की मांग कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। घटना दिवस को भी विवाहिता के साथ लगातार प्रताड़ना हुई जिससे तंग आकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

जपं भवन के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

अम्बिकापुर। दशहरा देखने गए युवक की बाइक को चोरों जनपद पंचायत भवन के सामने से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम उडुकेला निवासी सतीश कुमार लकड़ा आ. बुधसेन लकड़ा 20 अक्टूबर की शाम 7 बजे नर्मदापुर दशहरा देखने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवी 5341 से गया था। युवक बाइक को जनपद पंचायत भवन के सामने खड़ा कर दशहरा देखने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

फाइनेंस कंपनी के सामने खड़ी बाइक को ले उड़े चोर

अम्बिकापुर। फाईनेस कंपनी के सामने खड़ी सेल्समेन की बाइक को चोरों ने पार कर दिया।सूर्यापारा निवासी निलेश मोदी आ. स्व. मोहर लाल खेती किसानी के साथ फाईनेश कंपनी में सेल्समैन का काम करता ळै। 20 अक्टूबर को फाइनेंस कंपनी के सामने बाइक क्रमांक सीजी 13 एबी 1680 को खड़ा कर काम करने चला गया। शाम को ऑफिस से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला बाइक चोरी होने की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

13 विषयों के लिए एनएमसी ने जारी की है मान्यता

मेडिकल कॉलेज में पीजी की 40 सीटों पर प्रवेश के लिए मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर से पीजी कक्षाओं के संचालन हेतु एनएमसी और पीजीएमईआर की मान्यता मिल गई है। एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज को एमडी-एमएस के 13 विषयों के लिए 40 सीटों पर एडमिशन की अनुमति प्रदान की है। हालांकि विषय विशेष के प्राध्यापकों की कमी के कारण कई विषयों की कॉलेज को मान्यता इस बार नही मिल पाई है। मान्यता मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने एडमिशन की तैयारियां शुरू कर दी है। 26 अक्टूबर से मेडिकल कॉलेज में पीजी की ऑल इंडिया सीटों पर पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

खास बात

- शुरू हुई एडमिशन की प्रक्रिया

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस के साथ ही स्नातकोत्तर की पढ़ाई भी चल रही है। मेडिकल कॉलेज को स्नातकोत्तर के कक्षाओं के संचालन की अनुमति वर्ष 2022 में मिली थी। कॉलेज पहले बार में ही 46 सीटो की मान्यता मिली थी लेकिन बाद में माइक्रोबायोलॉजी, फार्मेकोलॉजी के प्राध्यापको की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन की ओर से इन विषयों पर एडमिशन नहीं लिए जा रहे थे। इस बीच वर्ष 2026-27 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में एडमिशन के लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा मान्यता हेतु आवेदन किया गया था। आवेदन के बाद नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी), पीजी मेडिकल एजुकेशन बोर्ड (पीजीएमईआर) द्वारा राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव को इस 40 सीटों पर एडमिशन के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा मान्यता मिलने के बाद एडमिशन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। हालांकि एनएमसी द्वारा जारी किए गए तिथि के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में 26 अक्टूबर से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होनी है जो 2 नवंबर तक चलेगी। हालांकि एडमिशन की तिथियों में संशोधन की संभावना जताई जा रही है।



इन विषयों के लिए मिली मान्यता

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को इस बार 40 सीटों के संचालन की मान्यता एनएमसी की तरफ से प्रदान की गई है। इनमें एमडी जनरल मेडिसिन से 5, पीडियाट्रिक्स से 2, एनेस्थिसियोलॉजी से 4, बायोकेमिस्ट्री से 1, सोशल एवं प्रीवेंटिव मेडिसिन/कम्युनिटी मेडिसिन से 3, पैथोलॉजी से 3, फिजियोलॉजी से 3, जनरल सर्जरी से 4, ओर्थोपेडिक्स से 2, ऑप्थेल्मोलॉजी से 3, ईएनटी से 3, स्त्री एवं प्रसूति रोग से 4 व एमडी-एमएस एनाटॉमी से 3 सीटों की मान्यता मिली है।

मिल गई है मान्यता

पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए मान्यता मिल गई है। मान्यता मिलने के बाद प्रवेश की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

-डॉ. अविनाश मेश्राम
अधिष्ठाता, आरएसडीकेएस जीएमसी

रेवतपुर पीएचसी में ताला बंदी मामले में स्टाफ नर्स निलंबित, जेडीएस नर्स बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



राजपुर अंतर्गत रेवतपुर पीएचसी में ताला बंद होने और प्रसूता के दर्द से घंटों तड़पने के मामले में कलेक्टर ने कार्रवाई की है। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड राजपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतपुर की स्टाफ नर्स श्रीमती अपूर्वा सिंह भदौरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, इसके साथ ही बीएमओ ने जीवन डीप समिति से कार्यरत नर्स को बर्खास्त कर दिया है जबकि प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- प्रसव पीड़ा से तड़पती प्रसूता को लेकर पहुंचे थे परिजन, कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

बता दें कि 20 अक्टूबर को एक प्रसूता प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची, लेकिन उस समय वहां स्टाफ उपस्थित नहीं था। पीएचसी रेवतपुर में ताला लटका हुआ था। इस दौरान प्रसूता वाहन में ही घंटों तड़पती रही। इस घटना का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया था जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ ने 21 अक्टूबर को खंड चिकित्सा अधिकारी राजपुर से जांच प्रतिवेदन मांगा। उसी दिन हुए निरीक्षण में पाया गया कि मॉर्निंग ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स समय पर उपस्थित नहीं थीं। प्रभारी के फोन करने पर वे अस्पताल पहुंचीं और प्रसूता को भर्ती कर सुरक्षित प्रसव कराया। खंड चिकित्सा अधिकारी ने ग्राम कुंदीकला की प्रसूता श्रीमती अनिता सिंह से स्वयं संपर्क किया। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। जांच में संबंधित कर्मचारी प्रथम दृष्टया कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता की दोषी पाई गईं। इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का उल्लंघन मानते हुए उन्हें निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर रहेगा। इसके साथ ही बीएमओ राजपुर द्वारा जीवन दीप समिति से कार्यरत स्टाफ नर्स विभा रानी पैकरा को भी तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। जबकि मामले में अस्पताल प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभागीय जांच के लिए 10 दिनों के भीतर आरोप पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने दो टूक कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल की लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। यह निगरानी सीएमएचओ और बीएमओ के साथ एसडीएम तथा राजस्व अमला भी करेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे और आपातकालीन व मातृ-शिशु सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर कांग्रेस ने रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेलवे स्टेशन में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने रेल मंत्री के नाम डिप्टी सीपीओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस ने ट्रेनों की लेट लतीफी सहित अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा कर समस्याओं के सामाधान की मांग की।

- माल ढुलाई के कारण उत्पन्न हुई स्थिति, दी आंदोलन की चेतावनी

गुरुवार को कार्यक्रम के जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक की ओर से डिप्टी सीपीओ से मिलने वाले कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अंबिकापुर से दुर्ग तक चलने वाली एकमात्र ट्रेन अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस जो सरगुजा संभाग के रेल यात्रियों को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक की सेवा उपलब्ध कराती है विगत 6 से 7 माह से दोनो ओर के गंतव्यों की ओर प्रतिदिन तीन से चार घंटे विलंब से चल रही है। जनचर्चा के अनुसार अम्बिकापुर-अनूपपुर रेलखंड पर एक निजि कोयला कंपनी के कोयला रैक को प्रमुखता दिये जाने एवं उनके अनुरुप समय सारणी में फेरबदल के कारण यात्रियों को इस अमानवीय स्थिति से गुजरना पड रहा है। उन्होंने मांग की है कि यात्री सुविधाओं पर निजी कंपनी को प्रमुखता देने की इस नीति को तत्काल बंद कर यात्री ट्रेन का परिचालन समयानुसार किया जाए। इसके साथ ही अम्बिकापुर से निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन जो सप्ताह में 2 दिन चल रही है को नियमित किया जाए, अम्बिकापुर से नागपुर अथवा इतवारी तक के लिए नियमित ट्रेन चलायी जाए। उत्तरी छत्तीसगढ़ में रेल लाईनो के विभिन्न विस्तार परियोजनाओं जिनमें अम्बिकापुर-बरवाडीह लाईन, अम्बिकापुर-गढवा लाईन, अम्बिकापुर-रेणूकूट लाईन, अम्बिकापुर-कोरबा लाईन, अम्बिकापुर-झारसुगडा शामिल हैं पर तत्काल कदम उठाया जाए। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म विस्तार कार्य, अनकवर प्लेटफार्म को कवर करने जैसे कार्य, वांशिग पिट निर्माण कार्य में लेट-लतीफी को समाप्त करते हुए तत्काल पूर्ण किया जाए। कांग्रेस ने ट्रेनों की लेट लतीफी पर तत्काल लगाम नहीं लगने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। हालांकि कांग्रेस का कहना है रेलवे अधिकारी इसपर संतोषजनक जवाब देने में सक्षम नहीं थे। अनौपचारिक चर्चा में उन्होंने बताया कि माल ढुलाई के करण जो परिस्थिति बनी है इसे दुरुस्त कर पाना उनके बस के बाहर की बात है। ऐसे में भविष्य में भी ट्रेनों के परिचालन में लेटलतीफी चलती रहेगी। प्रतिनिधि मंडल जिनमें ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, राजेन्द्र बाहदुर सिंह, अनूप मेहता आदि मौजूद थे।

रेलवे जनसंवाद में लेट लतीफी, रेल लाइन विस्तार सहित अन्य विषयों पर हुई चर्चा

गुरुवार को रेलवे स्टेशन में रेलवे जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में यात्रियों को स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्रदान कर सुझाव व प्रतिक्रियाएं ली गई। बिलासपुर मुख्यालय से आए रेलवे के डिप्टी सीपीओ आर शंकर, एपीओ लोकेश गौतम की उपस्थिति में यात्रियों का मुख्य सामयिक मुद्दा ट्रेनों की लेटलतीफी, अंबिकापुर से आगे रेणुकूट तक रेल लाइन का विस्तार, अंबिकापुर रायपुर इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन, स्टेशन परिसर में सुविधा विस्तार, अतिरिक्त एप्रोच रोड, पार्किंग व्यवस्था में सुधार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। रेल जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि स्टेशन में वाशिंग पीट, एडिशनल प्लेटफार्म और फुट ओवर ब्रिज का काम इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा होने के बाद, इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण सुविधाएं यात्रियों को उपलब्ध हो जाएंगी। डिजिटल कोच डिस्प्ले बोर्ड का स्वीकृत काम भी जल्द प्रारंभ करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में यात्रियों की सबसे बड़ी समस्या ट्रेनों का विलंब से चलना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेलवे को 24200 करोड रुपए सर्वाधिक वार्षिक राजस्व देने वाला बिलासपुर मंडल, कोविंग ट्रेनों के पंक्चुअलिटी के मामले में अंतिम पायदान पर है। ट्रेनों के लेट चलने से यात्री हलकान हैं। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है, इससे यात्रियों की आगे की योजनाएं प्रभावित होती हैं। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने अंबिकापुर रायपुर के मध्य इंटरसिटी ट्रेन को आवश्यक बताते हुए, इसके लिए रेल प्रशासन को प्रभावी पहल करने को कहा। उन्होंने स्टेशन के बाहरी परिसर की तरह, भीतरी हिस्से में भी प्लांटर को व्यवस्थित कर साफ सफाई के साथ सौंदरीकरण कार्य को और आकर्षक बनाने पर जोर दिया। रेलवे के डिप्टी सीपीओ आर. शंकर ने कहा कि रेलवे के इस पहल से हमें जमीनी स्तर पर यात्रियों की जरूरतों और अपेक्षाओं को समझने में मदद मिलेगी। प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाए जा सकेंगे। रेल सुविधा विस्तार से जुड़े निर्माण कार्यों पर विचार साझा करते हुए इंजीनियर मनोज गुप्ता ने स्टेशन परिसर में चल रहे कार्यों से यात्रियों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। कार्यक्रम को एपीओ लोकेश गौतम मुख्य स्टेशन प्रबंधक उमेश कुमार सिंह और कमर्शियल इंस्पेक्टर टी आर लहरे ने भी संबोधित किया।

- बिलासपुर से पहुंचे डिप्टी सीपीओ व एपीओ ने दी जानकारी





कृषि उत्पादन आयुक्त ने ली संभागीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल परदेशी की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं संबद्ध विभागों की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ वर्ष 2026 के अंतर्गत संचालित कृषि गतिविधियों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी रबी वर्ष 2026-27 के कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त श्री परदेशी ने कहा कि खरीफ सीजन में पूरे राज्य में अच्छा कार्य हुआ है, जिसमें सरगुजा सम्भाग के सभी जिलों का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में भी इसी तरह हम सबको सामंजस्य के साथ कार्य करना होगा, ताकि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। उन्होंने कहा किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए, सरगुजा संभाग में कृषि विकास के व्यापक संभावना हैं, जिनका लाभ उठाते हुए दलहन, तिलहन, प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी के माध्यम से फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस दौरान उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संभाग में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा ने बैठक में संभाग के सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र की दशा एवं उपलब्ध संसाधनों में बेहतर कृषि नवाचारों की पहल के साथ परम्परागत तरीकों को अपनाने की बात कही। बैठक में संचालक कृषि राहुल देव, पशु चिकित्सा सेवाएं के संचालक चंद्रकांत वर्मा, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के संचालक लोकेश कुमार, मत्स्य पालन विभाग के संचालक नारायण सिंह नाग भी उपस्थित रहे। सभी विभागाध्यक्षों ने अपने विभाग से संबंधित जानकारी एवं शासन की मंशा अनुरूप कार्ययोजना, लक्ष्य और चुनौतियों की जानकारी देते हुए जिलों के विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। बैठक में सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत, जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, सूरजपुर कलेक्टर रेना जमील, बलरामपुर रामानुजगंज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, एमसीबी कलेक्टर श्रीमती संतन देवी जांगडे, कोरिया कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव और समस्त सीईओ जिपं, संभाग के समस्त जिलों से कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण पर बेलचा से जानलेवा हमला अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के दो लोगों ने घर में अकेले रह रहे ग्रामीण के घर घुस कर न सिर्फ गाली गलौज किया बल्कि बेलचा से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण को रायपुर रेफर किया गया है। मतीजे ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पडौली निवासी आसामान सिंह आ. सूरज राम ने धौरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 अक्टूबर को क्रेसर से काम कर जैसे ही पड़ौली दुर्गा पंडाल के समीप पहुंचा तभी गांव के ही झापट ने बताया कि विनोद ने तुम्हारे चाचा चंद्रप्रताप मरावी के साथ मारपीट किया है। घटना की जानकारी लगने पर आसमान सिंह जैसे ही चाचा के घर पहुंचा तो देखा चाचा घायल हालत में बिस्तर पर पड़े है। तब पड़ोसियों ने बताया कि रात लगभग 11 बजे विनोद घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए चंद्रप्रताप को बेलचा से जानलेवा हमला किया है। मतीजे ने चाचा को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। जहां उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 331(6),115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

आज हो सकता है खुलासा, पुलिस कर रही पूछताछ, सड़क किनारे गड्ढे में बेटे और मां की लाश मिली थी घर के बाथरूम में

दोहरे हत्याकांड के आरोपी तक पहुंची पुलिस, एक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड में आखिरकार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल कर ली है। साइबर सेल के साथ ही पुलिस की संयुक्त टीम ने इस अंधे कत्ल का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो मृतिका की सहेली का पति बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दोनों ही घटना स्थल पर आरोपी को ले जाकर घटना का रि-क्रियेशन कराया वहीं देर शाम पुलिस आरोपी को लेकर अम्बिकापुर भी पहुंची थी। शुक्रवार को इस हत्याकांड से पर्दा उठने की बात कही जा रही है।

बता दें कि 10 अक्टूबर के प्रातः जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर कालीघाट के समीप एनएच 43 से दो सौ मीटर दूरी पर कच्ची सड़क के किनारे झाड़ियों में छात्र का शव बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक की पहचान कार्मेल स्कूल के बारहवीं के छात्र 17 वर्षीय सुजल बरेठ के रूप में हुई थी। पुलिस जब रात्रि में उसके केशवनगर स्थित किराए के मकान में पहुंची तो यहां ताला बंद मिला। जिसके बाद परिजनों से संपर्क कर घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया गया जहां उसकी मां 42 वर्षीया रजनी बरेठ की लाश भी घर के बाथरूम में मिल थी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र के साथ ही जिलेभर में हड़कंप मच गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी योगेश पटेल ने संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया था। शुरूआती जांच में रुपयों के लेनदेन, प्रेम प्रसंग की बातें आ रही थी लेकिन मृतिका के खाते में रकम मौजूद था। इसके साथ ही संदेही से पूछताछ के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। इसके साथ ही घटना स्थल एनएच किनारे था जबकि कालोनी में भी सीसीटीवी नहीं थे। इसके साथ ही मृतक छात्र और उसकी मां के मोबाइल फोन भी गायब थे। ऐसे में यह पूरा मामला अंधे कत्ल की तरफ चला गया था। आरोपियों की कोई जानकारी नहीं मिलने पर सरगुजा साइबर सेल को भी इस केस में शामिल किया गया था जिसके बाद पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। जांच के बाद अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया संदेही मृतिका की सहेली का पति ही बताया जा रहा है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और ना ही इस बात की जानकारी सामने आई है कि महिला और उसके बेटे की हत्या अकेले युवक ने की या फिर इसमें और भी लोग शामिल थे। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और शुक्रवार को इस मामले का खुलासा होने की बात कही जा रही है।



पकड़ा गया है एक आरोपी

महिला और उसके बेटे की हत्या के मामले में हमने अभी एक आरोपी को हिरासत में लिया है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

-योगेश पटेल, एसपी सूरजपुर

दो प्रधान पाठक व एक सहायक शिक्षक को किया गया निलंबित

अंबिकापुर। ठगी सहित अन्य अपराधिक प्रकरणों में शामिल प्रधान पाठक समेत तीन को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक क्रिप्टो करेंसी मामले में गिरफ्तार किए गए थे जबकि एक प्रधान पाठक को गंभीर अपराधिक प्रकरण में सजा भी हो चुकी है और फिलहाल वह हाईकोर्ट से जमात पर बाहर है। बता दें कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम करघोटियापारा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राज कुमार पैंकरा और प्राथमिक शाला जरहाडीह के सहायक शिक्षक एलबी त्रिपाल टोप्पो को बीएनएस की धारा 318(4), 61(2), 317(4) के तहत गिरफ्तार किया गया था। दोनों के ऊपर लोगों को सेमीनार में बुलाकर लाखों रूपए की कमाई का लालच देकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश का आरोप लगा था। इसके साथ ही जांच में यह बात भी साने आई थी कि आरोपी नेपाल से ट्रेनिंग कर वापस आए थे। इस मामले में पुलिस ने राज कुमार पैंकरा को 20 जुलाई को जबकि त्रिपाल टोप्पो को 31 अगस्त को गिरफ्तार किया था। हालांकि जमानत पर दोनों बाहर आ गए। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत मानते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही एक अन्य प्रकरण में उदयपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला पेंडरखी के प्रधान पाठक विजय कुमार यादव के खिलाफ भी भादवि की धारा 147, 148, 149, 294, 323, 307 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश से विजय कमार यादव को 5 साल के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया था। हालांकि विजय कुमार यादव ने हाईकोर्ट में अपील लगाई जिसके बाद सजा को स्थगित कर उन्हे जमानत पर रिहा किया गया है। इस मामले में भी डीईओ डॉ. झा ने प्रधान पाठक विजय कुमार यादव को निलंबित कर दिया है।

बीती रात सात लोगों ने तोड़ा दम

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दो दिन के भीतर 14 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले दो दिनों के भीतर ही 14 लोगों की मौत हो गई। एक दिन पूर्व ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, फांसी लगाने, कीटनाशक पीने व अत्यधिक शराब पीने से हुए गंभीर लोगों की मौत हुई थी वहीं बीती रात पुनः सड़क दुर्घटना, कीटनाशक पीने व फांसी लगाने सहित अन्य घटना में गंभीर हुए सात लोगों की मौत हो गई। दशहरा के बाद से सभी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है।

खास बात
- सड़क दुर्घटना, कीटनाशक पीने सहित अन्य घटना में हुए थे गंभीर

जानकारी के अनुसार कापू अंतर्गत ग्राम गोलाबुड़ा पड़कीपारा निवासी सचिन टोप्पो आ. चौधरी टोप्पो (23 वर्ष) बुधवार को दोस्त मिकाई बेक के साथ बाइक से सीतापुर बाजार सामाने लेने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार प्रतापगढ़ पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी सामने से आमने से आ रहे कार क्रमांक ओडी 15 वी 8685 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर डायल 112 की टीम ने घायलों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सचिन की हालत गंभीर होने होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। भटगांव अंतर्गत ग्राम बरौधी निवासी श्रवण कुमार आ. नेबान साय बरगाह (33 वर्ष) बुधवार को जरही मोड के समीप अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद जरही मोड़ के समीप खड़ा था तभी परिचित रामेश्वर को देखा तो उसे कीटनाशक पी लेने की बात बताई। रामेश्वर ने श्रवण के परिजन को घटना की जानकारी देने तथा भटगांव अस्पताल में भर्ती कराने की बात कही। भटगांव अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को लेकर शाम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार बतौली अंतर्गत ग्राम कुरकेल निवासी रीता आ. रामपाल यादव (18 वर्ष) 15 अक्टूबर की रात अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक का पी लिया। युवती के उल्टी करने तथा कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसे बतौली शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवती की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रायपुर रेफर कर दिया। परिजन युवती को मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर घर ले जाने की सलाह दी। परिजन पुनः युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। वही एक अन्य घटना में बगीचा अंतर्गत ग्राम रतबा निवासी रवि तिर्की आ. स्व. शीलबानुस (33 वर्ष) दशहरा के दिन पत्नी के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि रवि तिर्की ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एक दिन में हुआ 13 पीएम

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में अमूमन हर रोज किसी न किसी मामले में मृतकों के शव का पीएम होता है लेकिन उनकी संख्या कम होती है। बुधवार को एक ही दिन में 13 पीएम किया गया जो इस साल में एक ही दिन में एक दर्जन से अधिक शव का पीएम हुआ। मरच्यूरी कक्ष में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ही सात से अधिक शव के अलावा कोतवाली, मणिपुर व गांधी नगर थाना क्षेत्र हुई मौत का मामला शामिल है।

दो मृतक अज्ञात, एक का नहीं पहुंचे परिजन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बीती रात अलग अलग घटनाओं में गंभीर सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने चार मामलों में मर्ग कायम किया जबकि तीन मामलों में पुलिस ने दो मृतक की पहचान नहीं होने तथा एक मृतक के नहीं आने पर मर्ग कायम नहीं किया है। पुलिस दो मृतकों के पहचान कराने में जुट गई है वहीं फांसी लगाने से हुई मौत के मामले में परिजन के आने का इंतजार में है।

23 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार,गई जेल



अम्बिकापुर। घर में बेचने के लिए बड़ी मात्रा में शराब लेकर आई महिला को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम को देख महिला शराब को फेंकने का प्रयास कर रही थी तभी महिला सैनिक ने उसे पकड़ लिया। टीम ने महिला के पास से 23 लीटर शराब जब्त उसके विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। आरोपी महिला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि मुक्तिपारा निवासी सीता राजवाड़े घर में बेचने के लिए बड़ी मात्रा में महुआ शराब लेकर आई है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल संभागीय उड़नदस्ता टीम के साथ मुक्तिपारा निवासी सीता रजवाड़े के घर दबिश दी। जैसे ही टीम .घर पहुची तो वर्दी धारी को देख सीता रजवाड़े महुआ शराब भरे डेकची को उलटने का प्रयास की परन्तु उसे पकड़ लिया। तब तक कुछ शराब को वह उलट चुकी थी। महिला सैनिक ने उसे पकड़ा उसके साथ वह झूमा झटकी भी करने लगी। बची हुई शराब का माप करने पर कुल 23 लीटर महुआ शराब बरामद कर जब्त किया। आरोपिया सीता रजवाड़े के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के 34(1), 34(2), 59(क) के तहत तथा महिला सैनिक के साथ झूमा झटकी और शासकीय काम में बाधा डालने के कारण आबकारी अधिनियम की धारा 40(ए)के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।

सड़क हादसे में मृत कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा को प्रार्थना सभा में दी गई श्रद्धांजलि

बिश्रामपुर। गत 16 अक्टूबर को कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर के कक्षा सातवीं की छात्रा सूरजपुर नवापारा निवासी रिद्धिमा जैन की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद आज गुरूवार को विजयादशमी अवकाश के बाद स्कुल की कक्षाएं संचालित हुईं।कार्मेल कान्वेंट स्कूल प्रबंधन ने गुरुवार को विद्यालय के प्रार्थना सभा में दुखद हादसे में मृत छात्रा रिद्धिमा जैन को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने ईश्वर से विनती की गई। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य ने घटना को विद्यालय की व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि हमने एक प्रतिभावान होनहार छात्रा को असमय खो दिया है।उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के विद्यालय आने जाने के दौरान सड़क पर विशेष सावधानी बरतने, साथ ही अपने और बच्चे का ख्याल रखने आह्वान किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

निदेशक दल ने परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र का किया भ्रमण

अम्बिकापुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. एनके रस्तोगी एवं प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र खोखर ने परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया। केन्द्र आगमन के पश्चात अधिकारियों ने केन्द्र के वैज्ञानिकों के साथ बैठक की। बैठक में चल रहे अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की गई और प्रक्षेत्र में सफेद मक्का, तिलहन एवं दलहन फसलों का कैफेटेरिया विकसित करने के साथ नए किस्मों के बीज विकसित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसान और विद्यार्थी एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकें और किसानों को अच्छी बीज प्रदान कर सकें। रामतिल तथा कुटकी सहित अन्य मोटे अनाजों के बीज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु भी निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने निर्माणाधीन सीड हब बीज प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। मधुमक्खी वाटिका, क्षमतावान फसलों, हाई-टेक नर्सरी, आयल



पाम, धान बीज उत्पादन एवं प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न अनुसंधान कार्यों को देखकर अधिकारियों ने केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान डॉ. केएल पैकरा, डॉ. नीलम चौकसे एवं डॉ. पीके भगत सहित केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





